Title: Regarding problems being faced by the farmers in Bihar due to the supply of inferior quality of seeds of corns by multinational companies.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बहुराट्रीय कंपनियों और अन्य बीज कंपनियों द्वारा किसानों के साथ किये जा रहे घोर अन्याय पर चिंता प्रकट करते हुए आपका संरक्षण चाहता हूं। मैं बिहार से आता हूं जहां बाढ़ के कारण किसानों की फसल बहुत बड़े पैमाने पर नट हो जाती है। वे उसकी भरपाई मक्का की खेती करके करते हैं। बहुराट्रीय बीज कंपनियों द्वारा कारगिल नामक मक्का के बीज की बिक्री बड़े पैमाने पर महंगी दर पर की गयी। लोगों ने कारगिल मक्का का बीज खरीदा और मक्का की बहुत लहलहाती फसल हुई। लेकिन मक्का की बाली में एक दाना भी मक्का का नहीं लगा। जांच कराई गयी और जांच में मिलीभगत पाई गयी और मौसम का दोा बता दिया गया। मुजफ्फरपुर के एक किसान ने अपनी तीस एकड़ भूमि में मक्का की फसल लगाई थी और एक दाना भी मक्का का न होने के कारण उसने आत्महत्या कर ली। मैं चाहता हूं कि इसकी जांच कराई जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।